RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 23 दिसंबर 2023 | वर्ष 05 | अंक 240 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुख्यमंत्री के कार्यालय में 9 में से 6 ओएसडी गैर सरकारी...

### आरटीआई में हुआ खुलासा

मुंबई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के कार्यालय में 9 में से 6 अशासकीय विशेष कार्यकारी (ओएसडी) अधिकारी नियुक्त है. इस बात की जानकारी आरटीआई के तहत मिली है. आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत ओएसडी के बारे में विभिन्न जानकारी मांगी थी। इस जानकारी में सामान्य प्रशासन विभाग की कक्ष विशेष कार्यकारी अधिकारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान में मुख्यमंत्री सचिवालय में कुल 9 में से 6 विशेष कार्यकारी अधिकारी गैर सरकारी है.



जबकि 3 ओएसडी सरकारी हैं। इसमें मंगेश चिवटे, विनायक पात्रुडकर, आनंद माडिया, आशीष कुलकर्णी, अमित हुक्केरीकर और मारुति साळुंखे का नाम गैर सरकारी में शामिल है तीन सरकारी अधिकारी हैं इनमें डॉ. राजेश कवले, डॉ. राहुल गेठे और डॉ. बाल सिंह राजपूत की सरकारी नियुक्ति हुई है.

**मुख्यमंत्री को नहीं है सरकारी अधिकारी पर भरोसा**

मुख्यमंत्री के कार्यालय में जिस प्रकार 9 में से 6 गैर सरकारी विशेष कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति की गई है इससे यह साबित होता है कि मुख्यमंत्री को सरकारी अधिकारी से ज्यादा गैर सरकारी अधिकारी पर भरोसा है.इसलिए उन्होंने 9 में से 6 ऐसे लोगो को ओएसडी नियुक्त किया है जो बाहरी है.

### ओएसडी के शिक्षा योग्यता की जानकारी नहीं

मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत विशेष कार्य अधिकारी यानी ओएसडी की शैक्षणिक योग्यता की जानकारी उपलब्ध नहीं होने के कारण गलगली को सलाह दी गई है कि मुख्यमंत्री सचिवालय से वह जानकारी प्राप्त कर लें। ओएसडी के कार्यों के मूल्यांकन के संबंध में मुख्यमंत्री सचिवालय से जानकारी प्राप्त करने की भी सलाह दी गयी है। इन्हें प्राप्त कुल मासिक आय के संबंध में गलगली के आवेदन कार्यासन 21 में स्थानांतरित कर दिया गया है। आरटीआई में सभी ओएसडी के काम का मूल्यांकन करने और उसकी जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है।

## डीआरआई ने मुंबई हवाई अड्डे पर 11 सांप जब्त किए



**एक व्यक्ति गिरफ्तार**

**मुंबई** : मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने एक व्यक्ति के पास से 11 सांप बरामद किए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई के अधिकारियों ने बुधवार को बैंकॉक से मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचे एक व्यक्ति को रोका। उन्होंने बताया कि सामान की जांच के दौरान अधिकारियों ने बिस्कुट और केक के पैकेट के भीतर छिपाए गए 11 सांप मिले। इनमें से नौ बॉल पायथन (पायथन रेगियस) और दो कॉर्न स्नेक (पैंथेरोफिस गुट्टाटस) थे। अधिकारी ने बताया कि तस्करी कर लाए गए वन्यजीवों को सीमा शुल्क अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया है।

## मुंबई के दादर में उद्धव ठाकरे की राज ठाकरे से हुई मुलाकात

### पारिवारिक कार्यक्रम में लंबे समय बाद पहुंचा पूरा ठाकरे परिवार

### राज ठाकरे ने 2006 में बनाई थी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना

**मुंबईः** पिछले साल जून में शिवसेना में ऐतिहासिक बगावत होने के बाद महाराष्ट्र में शिवसैनिक बंटे हुए हैं। इनमें से तमाम शिवसैनिकों की इच्छा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कैसे भी करके दोनों ठाकरे भाई एक साथ आ जा जाएं। राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे साथ आएंगे या फिर नहीं? यह तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा, लेकिन मुंबई में दोनों भाईयों के एक फोटो फ्रेम में आने से राज्य की मुंबई और महाराष्ट्र की सियासत गर्मा गई है। दोनों भाईयों पास आने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जा रही हैं। इस फोटो में उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे भी दिखाई पड़ रही हैं। शिवसैनिकों की इच्छा 2024 में पूरी होगी या फिर लेकिन कम से कम अभी ठाकरे परिवार की यह इच्छा कि दोनों भाई आएं। कम से कम पूरी हो गई है।



राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ऐसे वक्त एक फ्रेम में आए हैं जब

**परिवार के साथ आए दोनों भाई**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दोनों भाई एक पारिवारिक कार्यक्रम के लिए एक साथ आए थे। राज ठाकरे की बहन जयंवती और अभय देशपांडे के बेटे यशपांडे के विवाह समारोह में उद्धव ठाकरे पत्नी रश्मि ठाकरे के साथ पहुंचे तो वहीं राज ठाकरे से उनकी मुलाकात हुई। इस मौके पर पूरा ठाकरे परिवार मौजूद था. यह समारोह मुंबई के दादर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में दोनों भाईयों के मिलने की तस्वीरें खूब साझा की जा रही हैं। इसके बाद चर्चा यह हो रही है कि क्या दोनों भाईयों की मुलाकात राजनीतिक रूप से भी ले सकती है। उद्धव ठाकरे को राजनैतिक तौर पर इसक वक्त काफी जरूरत है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि 2024 महाराष्ट्र के लिए चुनावी साल है।

## मुंबई में ईडी की बड़ी कार्रवाई!

### सुजीत पाटकर समेत अन्य की 12 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त!



**मुंबई** : मुंबई में बीएमसी की ओर से संचालित कोविड देखभाल केंद्रों की स्थापना में कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को बताया कि उसने धन शोधन की जांच के तहत शिवसेना सांसद संजय राउत के कथित सहयोगी सुजीत पाटकर समेत कई अन्य लोगों की 12 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि उसने लाइफलाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेज के साझेदारों सुजीत पाटकर, डॉ. हेमंत गुप्ता, राजीव सालुंखे, संजय शाह और उनके सहयोगियों सुनील कदम उर्फ बाला कदम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुंबई में तीन फ्लैट, म्यूचुअल फंड और बैंक जमा को अस्थाई रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियों का कुल मूल्य 12.24 करोड़ रुपये है। यह जांच दहिसर और वर्ली में स्थित जंबो कोविड सुविधाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला मुंबई पुलिस की एक एफआईआर से उपजा है।

## महिला और उसके दो नाबालिग बच्चे मिले मृत; पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**ठाणे** : महिला और उसके दो नाबालिग बच्चे घर में मृत पाए गए हैं। मृतकों की पहचान भावना अमित भागड़ी, उनकी छह वर्षीय बेटी खुशी और आठ वर्षीय बेटे अंकुश के रूप में हुई है। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों मृतकों के




शव शहर के कासारवडावली इलाके में महिला के देवर के घर से बरामद किए गए। फिलहाल, मृतका महिला के पति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पति महिला से अलग रहता था। उन्होंने बताया कि भावना ने 29 वर्षीय अमित धर्मवीर भागड़ी से शादी की थी। शुरू में वे हरियाणा में रहते थे। पुलिस ने बताया कि उसकी शराब पीने की आदत से तंग आकर शादी के कुछ साल बाद ही पत्नी ने उसे छोड़ दिया था।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 23 दिसंबर 2023






## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### परीक्षा के खिलाड़ी

शुक्र यह कि शिमला में परीक्षा के दो खिलाड़ी पकड़े गए, वरना परीक्षा दिलाने की प्रतिभा का आयात हिमाचल में भी होने लगा है। मथुरा और हरियाणा की प्रतिभाओं ने परीक्षा को चुराने की कोशिश में व्यवस्था का इम्तिहान ले लिया। पहले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भर्ती और फिर दूसरा जूनियर सैक्ट्रिएट असिस्टेंट परीक्षा में किराए के परीक्षार्थियों ने अपनी कला के चमत्कार को जेल पहुंचा दिया। गनीमत यह है कि परीक्षा की निगरानी में सख्त आंखों ने फिंगर प्रिंट के आधार पर दोनों शातिरों को पकड़ लिया, लेकिन इन मामलों ने आंखें खोलकर ऐसे इम्तिहानों तक पहुंचे अपराध की चेतावनी दी है। परीक्षाओं की मर्यादा न शिक्षा के स्तर को पहचान पा रही है और न ही काबिलीयत का सही मूल्यांकन कर रही है। कमोबेश हर परीक्षा के दायरे में कोई न कोई दैत्य खड़ा है। कहीं नौकरी की तलाश में 'पेपर लीक' का सदमा तो कहीं परीक्षा के प्रश्नपत्र का अपहरण या चीरहरण हो रहा है। कमोबेश सरकारी रोजगार के हर अवसर को चुराने की कोशिशों में युवाओं का ईमानदार विश्वास कांप रहा है। इस अन्याय के तमाम सबूत होते हुए भी कोई राज्य या केंद्र सरकार कम से कम यह गारंटी नहीं दे रही है कि सारी चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी होगी। हिमाचल प्रदेश का रिकार्ड भी अब विभिन्न भर्ती घोटालों की जद में अपाहिज व अप्रमाणित मौत की तरह देखा जा रहा है। हमीरपुर स्थित अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अपनी विश्वसनीयता फिर से साबित करने की चुनौती है तो सरकारी रोजगार की वचनबद्धता में सरकार को इस दिशा में कड़ी निगरानी कायम करनी होगी। अतीत में पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले ने हिमाचल के हजारों प्रत्याशियों के मन में आशंका, कुंठा और अविश्वास के कई कारण पैदा कर दिए हैं।

ऐसे में पुन: पुलिस कांस्टेबल भर्ती का आगाज अगर यही विभाग करने जा रहा है, तो सरकार को इस फैसले पर पुनर्विचार करना होगा। रोजगार के बाजार में कई तरह के रास्ते खोजे जा रहे हैं, फिर भी युवाओं के आदर्शों में हिमाचल को अपनी शिक्षा का ढर्रा और कर्म की परिभाषा सुदृढ़ करनी होगी। सरकारी नौकरी का सपना विस्फोटक स्थिति में अवसर खोजते-खोजते या तो गलत गलबहियां कर रहा है या असामान्य ढंग से इस मोर्चे को फतह करना चाहता है। दूसरी ओर निजी क्षेत्र की क्षमता में पैदा हो रहा रोजगार भविष्य का सेतु है, लेकिन हिमाचल में इसे कोई स्थायी रूप से लांघना नहीं चाहता। हिमाचल में निजी निवेशक के लिए उपयुक्त मानव संसाधन की आपूर्ति एक टेढ़ी खीर की तरह रही है। सरकारी नौकरी बनाम निजी रोजगार की पैमाइश में भले ही उपयुक्त व क्षमतावान प्रत्याशियों की कमी है, फिर भी हर कोई यही चाहता है कि उसे सार्वजनिक क्षेत्र में सुरक्षित व सदाबहार रोजगार मिले। दो परीक्षाओं के पन्ने कतरने वाले युवा साबित करते हैं कि यह भी एक रोजगार है, जहां टेलेंट बिक रहा है। इसके संदर्भ राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में एक अलग तरह की मांग और बेचैनी पैदा कर रहे हैं, जहां हर अवसर ऐसी मानसिकता के तहत लूटा जा सकता है। मामलों की तह तक जाएंगे तो साबित होगा कि ऐसी परिपाटियों का संचालन कौन सी शक्तियां, कौन सी गारंटियां कर रही हैं। हिमाचल में नौकरी तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्था व सुविधाएं सुधारने की दिशा में विशेष प्रयास करने होंगे। ऐसी कई प्रतियोगी या केंद्रीय स्तर के सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियां हैं जिनकी परीक्षाएं राज्य के बाहर होती हैं। हिमाचल में इन तमाम परीक्षाओं के आयोजन की व्यवस्था में प्रयास करते हुए राज्य में कुछ परीक्षा केंद्र विकसित करने चाहिएं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# पिकनिक से लौट रही स्कूल बस टेंपो से भिड़ी...
# टीचर की मौत, कई छात्र घायल



**पुणे :** महाराष्ट्र में सड़क हादसों का सिलसिला जारी है। गुरुवार को शैक्षणिक टूर से लौटते समय स्कूली छात्रों से भरी एक बस का एक्सीडेंट हो गया। बस ने सीधे एक टेंपो को टक्कर मर दी, जिसमें एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसे में एक शिक्षक और कई छात्र घायल हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, पुणे जिले के इंदापुर तालुका के बावडा में श्री शिवाजी विद्यालय है। इस स्कूल के छात्र कोंकण टूर पर गए थे और आज सुबह कोल्हापुर से वापस आ रहे थे। इसी बीच सुबह करीब छह बजे सड़क पर खड़ी एक टेंपो से उनके बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। यह दुर्घटना मालशिरस तालुका के वटपली में हुई। शिक्षक बालकृष्ण काले (उम्र 50) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि शिक्षक रमाकांत शिरसाठ और कुछ छात्र घायल हो गए। स्कूल ने राज्य परिवहन (एसटी) की बस को भाड़े पर लिया था। बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब छह बजे जब हादसा हुआ तो श्री शिवाजी विद्यालय के शिक्षक बालकृष्ण काले ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठे थे। जैसे ही बस वटपली इलाके में पहुंची। इसी दौरान एक टेंपो सड़क किनारे खड़ा था। टेंपो को बस ने टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे में आगे बैठे शिक्षक काले को गंभीर चोट लगी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

खबर है कि टेंपो पंक्चर होने के कारण एक मोड़ पर खड़ी थी। इसलिए पीछे से आ रही तेज रफ्तार एसटी बस के चालक को टेंपो बेहद करीब आने के बाद नजर आया। इस हादसे में एक अन्य शिक्षक और कुछ छात्र घायल हुए है। घायलों को अकलूज के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य छात्रों को दूसरे वाहन से घर भेज दिया गया।

## गढ़चिरौली में छात्राएं हुईं फूड प्वाइजनिंग की शिकार



**गढ़चिरौली :** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में अपने आवासीय विद्यालय में विषाक्त खाना खाने से छात्राओं के बीमार होने का मामला सामने आया है। बताया गया कि दोपहर का भोजन करने के बाद बीमार पड़ने के कारण 100 से अधिक छात्राओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गढ़चिरौली जिले के सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद खंडाते ने बताया कि यह घटना बुधवार को जिले के धनोरा तालुका के सोडे गांव में स्थित एक 'आश्रम शाला' (आदिवासी बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय) में हुई। वहां बुधवार को दोपहर करीब 12.30 बजे स्कूल में छात्रों को दोपहर का खाना दिया गया। वह खाना खाने के कुछ समय बाद उन्हें उल्टी होने लगी और पेट दर्द और सिरदर्द की भी शिकायत हुई।

## नागपुर अधिवेशन मे मुस्लिम समाज को महाराष्ट्र महाअपसंख्यक ने विशेष पैकेज की किया मांग

### राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन मुंबई अध्यक्ष जुनैद अंसारी ने मुसलमानों के हक मे उठाई आवाज



**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** संगठन के 'मुंबई अध्यक्ष' राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन मुंबई अधक्ष्य जुनैद अंसारी ने मुसलमानों के हक, अधिकार को लेकर महाराष्ट्र के नागपुर मे चल रहे हीवाली अधिवेशन मे मे उठाई आवाज । श्री जूनैद अन्सारी ने नागपूर हिवाली अधिवेशन 2023 के दौरान 16, 17 डिसेंबर को 'महाराष्ट्र महाअल्पसंख्यक मंच' के दो दिन के धरना, मोर्चा मे शामिल होकर अपना पूर्ण रूप से सहयोग किया। गौरतलब हो की दिनांक 18 डिसेंबर को अल्पसंख्याक हक दिवस के मौके पर (हिवाली विधानमंडल अधिवेशन नागपुर 2023) अल्पसंख्यांक के उत्थान, उन्नती और बेहतरी के लिए विशेष पैकेज के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार अल्पसंख्यक विकास मंत्री अब्दुल सत्तार से लिखित निवेदन पत्र देकर मांग किया। वहीं इस आशय का पत्र अल्पसंख्यक विकास मंत्रालय की प्रधान सचिव इडजेस अँग्मो कुंदन' कअर को मेमोरेंडम पत्र सौपा और मंजूरी की मांग।

## नितेश राणे का बड़ा हमला... हलाल प्रमाणीकरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग




**मुंबई :** भाजपा विधायक नितेश राणे ने उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी की सरकार द्वारा लिए गए फैसले की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी खाद्य पदार्थों के हलाल प्रमाणीकरण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने निर्यात के लिए निर्मित उत्पादों को छूट देते हुए हलाल प्रमाण वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर 18 नवंबर को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया था।

राणे ने नागपुर में विधानभवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि इस प्रक्रिया से प्राप्त धन का उपयोग आतंकवाद के वित्त पोषण के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणपत्र के नाम पर एकत्र किए गए धन का उपयोग आतंकवाद को वित्त पोषित करने के लिए किया जा रहा है। इसका उपयोग हिंदू धर्म के खिलाफ किया जाता है। हमारे पास इससे संबंधित सभी सुबूत हैं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को हलाल प्रमाणीकरण पर उसी तरह प्रतिबंध लगाना चाहिए, जैसे उत्तर प्रदेश सरकार ने लगाया है। ऐसी दो कंपनियां हैं जो ऐसे प्रमाण प्रदान करती हैं। वे भी महाराष्ट्र से हैं। राणे ने कहा कि वह इस संबंध में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखेंगे।

## 3 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त...
## भारत-ऑस्ट्रेलिया ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़

**मुंबई :** एनसीबी-मुंबई ने भारत-ऑस्ट्रेलिया ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान एनसीबी ने 9.877 किलोग्राम एम्फेटामाइन (ऑस्ट्रेलिया के लिए भेजे गए पार्सल से जब्त), 2.548 किलोग्राम (9800 टैब) जोलपिडेम टार्ट्रेट और 6.545 किलोग्राम (18700 टैब) ट्रामाडोल सहित 3 करोड़ रुपये की दवाएं जब्त कीं। इसके साथ ही 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की



जांच जारी है। इसकी जानकारी मुंबई NCB ने दी है। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोत दिव्वार की एक महिला यात्री को गिरफ्तार किया गया। गुरुवार को राजस्व खुफिया निदेशालय अधिकारियों ने विदेशी यात्री को गिरफ्तार कर लिया। महिला अदीस अबाबा से फ्लाइट नंबर-ईटी 640 के जरिए महिला मुंबई पहुंची थी।

डीआरआई की खुफिया जानकारी मिलने के बाद महिला की जांच-पड़ताल की गई। जब आरोपी महिला के सामान की जांच हुई तो अधिकारियों को 1 किलो 273 ग्राम कोकिन बरामद हुए। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 13 करोड़ बताई जा रही है।




# नवी मुंबई से 2 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, अवैध रूप से रहने के आरोप में की गई कार्रवाई



**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई क्षेत्र के कामोठे गांव इलाके से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. आतंकवाद निरोधी दस्ते को मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है. एटीएस विक्रोली दस्ते को गोपनीय जानकारी मिली थी कि 2 बांग्लादेशी नागरिक कामोठे गांव में अवैध रूप से रह रहे है. दोनों बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए कामोठे पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है. उनके खिलाफ नवी मुंबई के कामोठे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

**9 बांग्लादेशी नागरिकों की कुछ दिन पहले हुई थी गिरफ्तारी**

आपको बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही मुंबई क्राइम ब्रांच भारत में अवैध तरीके से रह रहे 9 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था. इनमें फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले आरोपी भी शामिल थे. इनके ऊपर अवैध रूप से भारत से बांग्लादेश पैसे ट्रांसफर करने का आरोप भी लगाया गया था. गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों का मुख्य मकसद अवैध तरीके से भारत से बांग्लादेश पैसे ट्रांसफर करना था. इस गिरोह में और लोगों के शामिल होने की आशंका के चलते पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है.

**13 करोड़ की कोकीन के साथ महिला गिरफ्तार**

वहीं राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने गुरुवार को मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अफ्रीका के आइवरी कोस्ट की एक महिला के पास से कथित तौर पर 13 करोड़ रुपये अनुमानित मूल्य की 1.273 किलोग्राम कोकीन बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया. एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला इथोपिया के अदीस अबाबा से विमान में सवार होकर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची थी. उन्होंने कहा, ह्लसंदेह के आधार पर उसे रोका गया और उसके सामान की जांच की गई तो 13 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन का पता चला. यह मादक पदार्थ उसके हैंडबैग और क्लच बैग की भीतरी परतों में छिपा हुआ था. अधिकारी ने कहा कि महिला को स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया और मादक पदार्थों की आपूर्ति की कड़ी का पता लगाने के लिए जांच जारी है.

# सांसद सुप्रिया सुले को घेरने के लिए बीजेपी की रणनीति...

## सुनेत्रा पवार की उम्मीदवारी को हरी झंडी



**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी ने बारामती लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी के रूप में नवनाथ पडलकर के नाम की घोषणा की है। केवल भविष्य ही बताएगा कि नई रणनीति कितनी सफल होगी क्योंकि भाजपा ने बारामती निर्वाचन क्षेत्र के बालेकिला में वरिष्ठ नेता शरद पवार को ओबीसी चेहरे के प्रभारी के रूप में चुना है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने बारामती लोकसभा के लिए नई रणनीति बनाई है। भारतीय जनता पार्टी ने नवनाथ पडलकर को बारामती लोकसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। बीजेपी हलकों में चर्चा है कि बावनकुले ने एक महत्वाकांक्षी फैसला लिया है। राज्य में इस समय मराठों और ओबीसी के बीच संघर्ष छिड़ा हुआ है। इस बीच, बारामती लोकसभा क्षेत्र के इंदापुर में आयोजित ओबीसी एल्गार महामेला पूरे राज्य में लोकप्रिय रहा। इस पृष्ठभूमि में भारतीय जनता पार्टी ने नवनाथ पडलकर के रूप में ओबीसी कार्ड खेलने की कोशिश की है। इस कदम से बीजेपी ने वरिष्ठ नेता शरद पवार के गढ़ में सेंध लगा दी है और यह चर्चा शुरू हो गई है कि उन्होंने सांसद सुप्रिया सुले को घेरने की रणनीति बनाई है।

**यदि सुनेत्रा पवार को नामांकित किया गया तो?**

इस बीच, अगर सुनेत्रा पवार को महागठबंधन में उम्मीदवारी मिलती है, तो क्या आप उनके लिए प्रचार करेंगे? इस सवाल पर पडलकर ने कहा कि इस सीट पर पिछले चुनाव में पांच लाख से ज्यादा मतदाताओं ने कमल का निशान देखा है। पडलकर ने यह भी कहा कि हम अपने महायुति उम्मीदवार को अधिक से अधिक वोटों से निर्वाचित कराने का प्रयास करेंगे।

# मलाड के स्कूल में चार साल की बच्ची से यौन उत्पीड़न



**मुंबई:** मालवणी पुलिस ने बुधवार को मलाड के एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (ढडउरड) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की हरकत से पीड़ित लड़की घायल हो गई और उसका इलाज शताब्दी अस्पताल में कराया गया. 52 साल का आरोपी पीड़िता को एक खाली क्लासरूम में ले गया. इसके बाद उसने आंखें बंद कर लीं और अश्लील इशारे किए. फिर बच्ची को घायल कर दिया. जब इसकी जानकारी पीड़िता की मां को हुई तो वह उसे डॉक्टर के पास ले गई। उस वक्त ये बात समझ में आ गई थी. पीड़िता की मां की शिकायत पर मालवणी पुलिस ने रेप, छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मलाड स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया।

## शराबी पति की हैवानियत, पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर फरार, जांच में जुटी पुलिस




**ठाणे :** ठाणे के डीसीपी अमर जाधव ने बताया कि कासारवडावली पुलिस स्टेशन के अंतर्गत शेंडोबा चौक गांव में एक व्यक्ति अपनी पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद भाग गया. पुलिस ने आरोपी पति अमित बागरी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है. आरोपी शराब का आदी था और अपनी पत्नी को पीटता था.

## 8 करोड़ रुपये के काम में अनियमितता

**पालघर:** पीसीआई इंडेक्स के माध्यम से काम का वितरण न करना, इन कार्यों को केवल तीन तालुकों के जन प्रतिनिधियों को आवंटित करना और एक ही सड़क पर रुपये में कई काम करने में अनियमितताएं। जिला परिषद निर्माण विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति दिये गये अधिकांश कार्य पिछले नौ माह से वास्तव में शुरू ही नहीं हुए हैं. इन कार्यों में अनियमितता बरती गयी है.

# ठाणे: घोडबंदर मार्ग जल्द ही चौड़ा होगा



**ठाणे:** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने ठाणे में कपूरबावड़ी से गायमुख तक घोड़बंदर सड़क को चौड़ा और गड्ढा मुक्त बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना की योजना बनाई है, जो मेट्रो लाइनों के निर्माण के कारण कुछ वर्षों से सबसे बड़ी बाधा रही है। फ्लाईओवर. नियोजित मेट्रो लाइन के खंभों से घोड़बंदर मार्ग संकरा हो गया है। इस मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में शहरी कॉम्प्लेक्स बन रहे हैं और एक तरह से एक विस्तारित ठाणे खड़ा है। इसे ध्यान में रखते हुए, घोड़बंदर मार्ग के दोनों किनारों पर समानांतर सर्विस रोड को मूल मार्ग में एकीकृत किया जाएगा और कुल आठ मार्गों को पूरी तरह से कंक्रीट किया जाएगा।

कपूरबावडी जंक्शन से गायमुख तक घोड़बंदर मार्ग की कुल लंबाई 13.5 किमी है। इसमें से इस सड़क का 9.3 किमी हिस्सा ठाणे नगर निगम की सीमा में आता है, जबकि बाकी सड़क मीरा-भायंदर नगर निगम की सीमा में आती है। ठाणे नगर निगम सीमा में घोड़बंदर रोड की कुल चौड़ाई 42 मीटर है। इसके अलावा इस सड़क के दोनों ओर नौ-नौ मीटर चौड़ाई की दो सर्विस रोड हैं। कपूरबावड़ी से गायमुख तक, इनमें से प्रत्येक सड़क चार लेन (सर्विस रोड सहित) है और इनमें से दो लेन को कंक्रीट किया गया है। इसके अलावा मुख्य सड़क और दोनों तरफ की सर्विस रोड की एक-एक लेन भी डामर से बनाई गई है। साथ ही इस सड़क पर चार स्थानों मानपाड़ा, वाघबील, पाटलिपाड़ा और कपूरबावड़ी पर फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। पिछले कुछ वर्षों में मुंबई-अहमदाबाद मार्ग से इस मार्ग पर चलने वाले वाहनों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। इसके अलावा मार्ग के दोनों ओर शहरीकरण की गति भी बहुत तेज है। हालाँकि घोड़बंदर मार्ग के लिए वैकल्पिक मार्गों का परीक्षण अभी चल रहा है, लेकिन अगले कुछ वर्षों तक इस मार्ग का कोई विकल्प नहीं है।

# पति ने पहले पत्नी की आवाज सुनने की जताई इच्छा... फिर कर ली आत्महत्या!



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक 41 वर्षीय व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, व्यक्ति ने आत्महत्या करने से पहले अपनी पत्नी को फोन किया उसकी आवाज सुनने की इच्छा व्यक्त की, जिसके कुछ मिनटों बाद कथित तौर पर आत्महत्या करने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, डोंबिवली निवासी सुधाकर यादव और उनकी पत्नी संजना यादव (31) के बीच 19 दिसंबर को मामूली झगड़ा हुआ, जिसके बाद वह दिवा में अपनी बहन के पास रहने चली गई। अधिकारी ने कहा, अगले दिन सुबह लगभग 10 बजे, सुधाकर ने संजना को फोन किया, जो मुंबई के कुर्ला में काम करने जा रही थी और कहा कि वह दो मिनट के लिए उसकी आवाज सुनना चाहता है। कॉल के बाद संजना ने पुलिस को बताया कि उसे व्हाट्सएप पर सुधाकर की फांसी लगाने की तस्वीर मिली। संजना ने अपने पड़ोसी से उसके पति की जाँच करने का अनुरोध किया। पड़ोसी ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। अधिकारी ने बताया कि उसने दरवाजा तोड़ा तो सुधार को छत से लटका हुआ पाया। अधिकारी ने बताया कि डोंबिवली में विष्णु नगर पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और आत्महत्या के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# महाराष्ट्र में जबरदस्त एक्सीडेंट! ठाणे में सड़क दुर्घटना में 5 वाहन भिड़े, कोई घायल नहीं




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में घोडबंदर रोड पर एक दुर्घटना में 5 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि बृहस्पतिवार को एक व्यस्त सड़क पर आनंद सिग्नल के समीप हुई दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। ठाणे महानगरपालिका के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने कहा कि दुर्घटना में दो ट्रक, एक कार, एक ऑटोरिक्शा और एक दुपहिया वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि दुर्घटना कैसे हुई। कासारवडवली पुलिस मामले की जांच कर रही है।





# वसई विरार नगर निगम ने अवैध विज्ञापन पर अंकुश लगाने के लिए क्यूआर कोड प्रणाली की है लागू...

**वसईः** नगर पालिका ने शहर में अनधिकृत विज्ञापन पर अंकुश लगाने के लिए होर्डिंग के प्रबंधन के लिए एक कम्प्यूटरीकृत प्रणाली विकसित की है। इसके साथ ही अब हर विज्ञापन बोर्ड पर एक क्विक रिस्पांस कोड (क्यूआर) लगाया जाएगा। विज्ञापन बोर्ड का प्रबंधन वसई-विरार नगर निगम ही कर रहा है। नगर पालिका को विज्ञापन बोर्ड लगाने की अनुमति से विज्ञापन टैक्स मिलना शुरू हो गया है। इसके बावजूद शहर में जगह-जगह अवैध व गैर कानूनी होर्डिंग लगे हुए हैं, जिससे शहर की बदनामी हो रही है। दूसरी ओर, नगर पालिका का कर राजस्व घट जाता है। इसके अलावा, कभी-कभी विज्ञापन बोर्ड लगाते समय नगर निगम की अनुमति भी दी जाती है। हालांकि इस पर नगर पालिका का इनकमिंग और आउटगोइंग नंबर होना सही है, लेकिन कभी-कभी यह नहीं होता है, इसलिए यह पता नहीं चल पाता है कि ऐड डोर ने इसके लिए अनुमति ली है या नहीं। कुछ लोग इसका फायदा उठाते हैं और खतरनाक तरीके से विज्ञापन बोर्ड लगा देते हैं। दुर्घटना की आशंका है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने साफ कर दिया था कि ऐसी स्थितियों से बचने के लिए एक विज्ञापन नीति को परिभाषित करने की जरूरत है। इस पृष्ठभूमि में, जनता को जानकारी देने के लिए, बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार, वसई-विरार नगर निगम ने शहर में होर्डिंग पर एक त्वरित प्रतिक्रिया कोड और होर्डिंग के प्रबंधन के लिए एक कंप्यूटर सिस्टम विकसित करने का निर्णय लिया है। होर्डिंग के लिए अनुमति ली गई है या नहीं। इस मई के लिए ऑरनेट टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड इस एजेंसी की नियुक्ति कर दी गई है. नगर पालिका ने बताया है कि सिस्टम के विकास और उसके रखरखाव पर करीब साढ़े नौ लाख रुपये खर्च किये जायेंगे. यह विज्ञापन प्रबंधन विज्ञापनों के अवैध प्लेसमेंट को नियंत्रित करने में बहुत मददगार होगा।

# कल्याण में वकील के स्कूली छात्र का अपहरण...



**कल्याणः** यहां के आधारवाड़ी इलाके में रहने वाली एक महिला वकील के स्कूल जाने वाले नाबालिग बेटे का बुधवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने अपहरण कर लिया. कल्याण इलाके में ढूंढने के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला तो उसके परिवार ने खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया, वकील हिमनिल महेश पवार कल्याण पश्चिम के आधारवाड़ी इलाके के चाणक्य नगर इलाके में रहते हैं। उनका 15 साल का बेटा साइकिल से कल्याण के एक स्कूल जाता है। बुधवार की सुबह 9:30 बजे रोजाना की तरह लड़के ने अपनी मां से कहा कि वह स्कूल जा रहा है और वह अकेले ही साइकिल से स्कूल जाने के लिए निकल पड़ा.

माता-पिता को राहत मिली कि लड़का हमेशा की तरह स्कूल गया था। चूंकि लड़का शाम को स्कूल के बाद घर नहीं आया, तो जब उसके माता-पिता ने स्कूल में उसके दोस्तों के बारे में पूछताछ की, तो अपहृत लड़के के माता-पिता घबरा गए जब उन्हें पता चला कि वह स्कूल में नहीं था। उन्होंने तुरंत स्कूल, कल्याण क्षेत्र में लड़के की तलाश की। यह नहीं मिला. बच्चे की मां एडवोकेट हिमनील पवार ने खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि बच्चे का किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है।

# विरार की लैब रिपोर्ट पर नवी मुंबई के डॉक्टर के हस्ताक्षर... नगर पालिका की जांच शुरू



**विरार :** वसई-विरार की एक निजी लैब में एक और मामला सामने आया है, जहां नवी मुंबई के एक डॉक्टर के हस्ताक्षर से मरीजों को मेडिकल जांच रिपोर्ट दी जा रही है। नगर पालिका ने इस लैब सहित शहर की सभी पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण शुरू कर दिया है। मामला सामने आया कि वसई विरार शहर में छह निजी पैथोलॉजी लैब गुजरात के डॉक्टरों के हस्ताक्षर का उपयोग करके मेडिकल जांच रिपोर्ट दे रहे थे। हालांकि, लैब ड्राइवर और संबंधित डॉक्टर राजेश सोनी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया। सर्दियों में यह सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिये थे.

इसी बीच ऐसा ही एक और प्रकार सामने आया है. विरार की एक निजी लैब में नवी मुंबई के एक डॉक्टर के हस्ताक्षर वाली रिपोर्ट जमा की जा रही है। दिलचस्प बात यह है कि कुछ साल पहले इस डॉक्टर का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया था। सवाल उठाया गया है कि नवी मुंबई का एक डॉक्टर हर दिन रक्त के नमूने के लिए विरार कैसे आ सकता है। इसलिए यह प्रकार भी फर्जी है और मरीजों के दोस्तों ने शिकायत की है कि ये आम मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं. हमने स्वास्थ्य विभाग को इस मामले में संबंधित लैब की जांच करने का निर्देश दिया है। उपायुक्त (स्वास्थ्य) विनोद डावले ने बताया कि उनके निरीक्षण के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी. उन्होंने कहा कि शहर की सभी लैबों का भी निरीक्षण किया जा रहा है. कई लैबों में एक ही डॉक्टर के हस्ताक्षर का चलन सभी शहरों में चल रहा है। महाराष्ट्र परवैद्यक परिषद ने अगस्त महीने में पुलिस महानिदेशालय को बयान दिया था कि ऐसी लैब की जांच होनी चाहिए और केस दर्ज किया जाना चाहिए. महाराष्ट्र परवैद्यक परिषद में 5 हजार 433 प्रयोगशाला तकनीशियन पंजीकृत हैं। हालांकि, चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीम ने विधानसभा में एक लिखित जवाब में जानकारी दी है कि पंजीकृत तकनीशियन का नाम अपंजीकृत प्रयोगशाला संचालकों द्वारा इस्तेमाल किए जाने के संबंध में सरकार या विदेशी पैरामेडिकल काउंसिल को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है.

# नालासोपारा में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का खुलासा...

## एक युवती समेत दो लोगों पर मामला दर्ज...



**नालासोपारा :** नालासोपारा में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र का मामला सामने आया है। इस मामले में अचोले पुलिस ने दस्तावेज बनाने वाले समेत एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है. नालासोपारा के आचोले में रहने वाली युवती यासीम वसीन खान ने पासपोर्ट के संबंध में आचोले पुलिस स्टेशन में दस्तावेज जमा कराए थे। जब पुलिस द्वारा इन दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा था, तो पुलिस को संदेह हुआ कि जन्म प्रमाण पत्र नकली है। जबकि इस युवती का जन्म अचोले अस्पताल में हुआ था, यह पाया गया कि जन्म स्थान मुंबई में एक नगरपालिका अस्पताल था। आगे पूछताछ करने पर दस्तावेज को नकली माना गया। यह सर्टिफिकेट उन्होंने नालासोपारा में शाहीन एंटरप्राइजेज के फैयाज शेख से बनवाया था। इस मामले में यासीन शेख और फैयाज शेख के खिलाफ अचोले पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने के आरोप में धारा 420, 465, 467, 468, 471, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस जांच कर रही है कि क्या आरोपियों ने किसी और के भी ऐसे दस्तावेज तैयार किये हैं.

# मुंबई में पॉलीकैब इंडिया से जुड़े 50 ठिकानों पर आयकर विभाग ने मारे छापे...



**मुंबई :** आयकर विभाग ने जांच शाखा ने शुक्रवार (22 दिसंबर 2023) को मुंबई में पॉलीकैब इंडिया से जुड़े लगभग 50 ठिकानों पर तलाशी ली. जानकारी के अनुसार, फर्म से जुड़े शीर्ष प्रबंधन के आवासों और कार्यालयों पर भी छापेमारी की जा रही है. पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड देश में तारों और केबलों का सबसे बड़ा निर्माता है. कंपनी का व्यवसाय संचालन पूरे भारत में होते है. उनके देश के कई शहरों में 15 से अधिक ऑफिस हैं और बहुत सारी जगहों पर उन्होंने गोदाम बना रखा है. आयकर विभाग के छापे के पीछे की वजह क्या है इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है. सितंबर में कंपनी का मुनाफा 59 फीसदी बढ़कर 426 करोड़ रुपये हो गया. 11 दिसंबर को, पॉलीकैब का बाजार पूंजीकरण हैवेल्स इंडिया को पीछे छोड़ते हुए 85,000 करोड़ रुपये के करीब था.

# ठाणे जिले में नशीली दवाओं का भंडाफोड़, 11 महीने में 859 आरोपी गिरफ्तार



**ठाणेः** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के जिले ठाणे में लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त चल रही है. नशे के इस कारोबार को रोकने के लिए पुलिस द्वारा समय-समय पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके चलते पिछले 11 माह में करीब 10 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ बरामद हुआ है. हालांकि यह आंकड़ा बड़ा है, लेकिन आशंका है कि जिले में इन पदार्थों की तस्करी असल में इससे भी ज्यादा है. महाराष्ट्र सरकार ने जिला स्तरीय मादक द्रव्य निरोधक समिति की स्थापना की है। इस समिति के माध्यम से स्थानीय स्तर पर नशीली दवाओं की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछले ग्यारह माह के दौरान मादक द्रव्य निरोधक टीम ने कार्रवाई कर 4 करोड़ 1 लाख 94 हजार 718 रुपये मूल्य के विभिन्न मादक पदार्थ जब्त किये हैं. अब तक दर्ज कुल 723 मामलों में कुल 859 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. हाल ही में एंटी नारकोटिक्स कमेटी की बैठक हुई थी. इस बैठक में मादक द्रव्य निरोधक दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय शिंदे ने यह जानकारी दी है. मादक पदार्थों की खरीद, बिक्री और परिवहन के संबंध में की गई कार्रवाई की समीक्षा के लिए हाल ही में ठाणे पुलिस आयुक्तालय में एक बैठक आयोजित की गई थी। ठाणे शहर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) डॉ. पंजाबराव उगले ने संबंधित अधिकारियों को दी.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com